epaper
हिन्दुस्तान

पीएम ने निजी क्षेत्र को केंद्र से साझेदारी और निवेश बढ़ाने को कहा

# पीएम गतिशक्ति में प्रौद्योगिकी अहम

01/03/2022

**नई दिल्ली | एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति पहल बेहतर समन्वय एवं निगरानी के माध्यम से देश में आधुनिक बुनियादी ढांचे को और विकसित करने में मदद करेगी।

उन्होंने निजी क्षेत्र को सरकार के साथ साझेदारी करने और निवेश बढ़ाने के लिए भी कहा। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान एक एकीकृत योजना है, जो लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए 'अंतर' को पाटने का काम करेगी।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे साजो-सामान की लागत को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने राजमार्ग, ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे हर क्षेत्र में निवेश बढ़ाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में भी मदद मिलेगी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम गतिशक्ति पहल से निर्यात को बढ़ावा देने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम (एमएसएमई) को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में भी मदद मिलेगी। मोदी ने कहा कि इस साल के बजट ने 21वीं सदी में भारत के विकास की गति निर्धारित की है। बुनियादी ढांचे पर आधारित विकास की इस दिशा से भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत में असाधारण वृद्धि होगी और रोजगार की नई संभावनाएं पैदा होंगी।

### संबोधन

- **डीपीआईआईटी के बजट-पश्चात वेबिनार में शिरकत की**
- **साजो-सामान की लागत कम करने में मदद मिलेगी**

### प्रौद्योगिकी आधारित विकास पर वेबिनार कल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रौद्योगिकी आधारित विकास विषय पर एक वेबिनार को संबोधित करेंगे, जिसमें केंद्रीय बजट में इस क्षेत्र के वास्ते किए गए प्रावधानों को लागू करने के लिए कार्य बिंदुओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी। मोदी के संबोधन के बाद दूरसंचार विभाग, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार विषय आधारित उप-सत्र आयोजित होंगे।

सरकार ने राजमार्ग, ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे हर क्षेत्र में निवेश बढ़ाया है। साथ ही सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री